समाचार

# महापौर ने किया पुरानी बस्ती स्कूल में बाल दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ



कोरबा 14 नवम्बर 2019 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज पूर्व प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पुरानी बस्ती कोरबा में आयोजित बाल दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा विद्यालय के बच्चों एवं आमजन को बाल दिवस की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर पर कोरबा पुरानी बस्ती स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ कराया, उन्होने मां सरस्वती एवं पं.जवाहरलाल नेहरू के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया, इस मौके पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने बालदिवस की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं विद्यालय के बच्चों व आमजन को दी, उन्होने इस मौके पर विद्यालय के बच्चों को उपहार प्रदान किए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विधायक प्रतिनिधि श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने बालदिवस की अपनी शुभकामनाएं बच्चों को दी तथा कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने पुरानी बस्ती के विद्यालय में 09वीं एवं 10वीं कक्षा का शुभारंभ कराए जाने की घोषणा की हैयहां पर 09वीं व 10वीं कक्षा प्रारंभ हो जाने के बाद इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए किसी दूसरे स्कूल नहीं जाना पड़ेगा, उन्होने आगे कहा कि राज्य शासन की योजना है कि मोहल्ला क्लीनिक प्रारंभ किया जाए, इससे लोगों को अपने मोहल्ले में ही स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाएं मिलेगी। उन्होने कहा कि शासन की योजना है कि चूंकि सरकारी स्कूलों में निर्धन परिवारों के बच्चें पढ़ते हैं, अतः इन स्कूलों को भी प्राईवेट स्कूल की तरह सर्वसुविधायुक्त बनाया जाए।

इस अवसर पर पार्षद मनीष शर्मा, पूर्व पार्षद तारादेवी ठाकुर, रवि खुंटे, शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री नेताम, संकुल प्रभारी टी.आर.कुर्रे, मो.शाकीर, शहादत अली, मोहसिन खान, आबिद अली, कुशाल चौहान, बंटी पाहुजा, संदीप अग्रवाल, राजाराम पटेल, हरीशचन्द्र ठाकुर, प्रीति द्विवेदी, रश्मि शुक्ला, पंकज यादव, प्रधान पाठक जे.पी.कोसले, अध्यापिका नीतिका जेकब, कमलेश महोबिया, मनीष यादव, वंदना साहू, जे.बी.राजवाड़े, नीकहत अंजू, राबिया सईद, शकुंतला डडसेना आदि के साथ विद्यालय के छात्र–छात्राएं एवं अन्यनागरिकगण उपस्थित थे।